# बहादुरपुर में भागीरथपुरा जैसी घटना का इंतजार

## समस्या : हैंडपंप के बोर में जा रहा नाली का गंदा पानी, स्थानीय रहवासी करते हैं पेयजल में उपयोग

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** बहादुरपुर कस्बे के मंडी मोहल्ला में कुछ महीनों पहले मंडी पहुंच मार्ग से लगकर नाली बनाई गई थी। इस नाली के किनारे एक हैंडपंप है। जिसका प्लेटफार्म टूटा हुआ है। नाली बनाने के दौरान हैंडपंप को नाली के बीच ले लिया गया। न तो नाली डायवर्ट की गई और न ही हैण्डपंप को बंद किया गया। इस हैंडपंप का प्लेटफार्म टूटा हुआ है और कई महीनों से नाली का पानी हैंडपंप के बोर में जा रहा है। जिससे पानी दूषित हो गया है। इस हैंडपंप से मंडी मोहल्ला के 50 से अधिक परिवार पेयजल भर कर ले जाते हैं। इनमें से एक



गोपाल अहिरवार का कहना है कि पानी में बदबू आ रही है लेकिन कोई दूसरा स्त्रोत नहीं होने से इसी का पानी पी रहे हैं। वहीं पानबाई अहिरवार ने बताया कि वह इसी नल का पानी पीती हैं। बीते महीनों में कई बार बीमार हो चुकीं। बता दें कि मंडी मोहल्ले में 95 प्रतिषत परिवार अनुसूचित जाति के हैं। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि कुछ महीने पहले जैसे इंदौर के भागीरथपुरा में कई लोगों की मौत दूषित पानी से हो गई है, ऐसी ही घटना मंडी मोहल्ला में भी घट सकती है। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो गर्मी के दिनों में पानी के और भी दूषित होने का खतरा है।

### मंडी आने वाले किसानों को भी इसी हैंडपंप का सहारा:

यह हैंडपंप उपमंडी के मुख्यद्वार के सामने कुछ दूरी पर लगा हुआ है। मंडी परिसर के अंदर पेयजल के सभी स्त्रोत बंद हैं। कुछ जगह मटके रखे हुए हैं जो सैकड़ों किसानों के लिए जलापूर्ति नहीं कर पाते। ऐसे में मंडी आने वाले किसानों के लिए इसी हैंडपंप का सहारा है। जबकि हैंडपंप में नाली का पानी सीधे अंदर जा रहा है। इस संबंध में सरपंच धर्मेन्द्र खटीक का कहना था कि नाली बनाना भी जरूरी था और हैंडपंप को भी बंद नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा कि हैंडपंप का पक्का प्लेटफार्म बनाकर उसे ऊंचा कर रहे हैं जबकि पीएचई के उपयंत्री रोहित त्यागी का कहना है कि उन्हे इसकी जानकारी नहीं थी। जल्द ही इस समस्या का समाधान करेंगे।

# निर्माण कंपनी ने नहीं किया शोल्डर्स का पुराव

**मंडी आने वाले ट्रेक्टर-ट्रालियों का खतरा**

**लगता है जाम, वाहन चालक होते हैं परेशान**


**नवभारत न्यूज**

बहादुरपुर। कस्बे की बसाहट के बीच से गुजरे राष्ट्रीय राजमार्ग 346 ए का बीते तीन चार वर्षों से निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के दौरान कंपनी ने कई खामियां छोड़ रखी हैं। इनमें से एक खामी है नाली और सड़क के बीच शोल्डर्स का पुराव न करना। कस्बे में मंडी मार्ग के जोड़ से जशन खेड़ी मार्ग तक के करीब पांच सौ मीटर के हिस्से में सड़क के दोनों ओर नालियों के पास गहरे खाई नुमा गड्ढे हैं। इन्हीं गड्ढों के किनारे से



मंडी में आने वाले सैकड़ों ट्रेक्टर ट्रॉली तौल के लिए खड़े होते हैं। यदि यह वाहन सड़क के किनारे से खड़े हों तो उनके धंसने का खतरा रहता है और यदि सड़क के एक लेन पर खड़े कर दिए जाएं तो जाम के हालात बनते हैं। स्थानीय दुकानदार कपिल प्रजापति ने बताया कि जब से मंडी में रबी सीजन की उपज की आवक शुरू हुई है तब से हर दिन जाम लग रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार बड़े वाहनों के साइड से निकलने के फेर में दोपहिया वाहन इन गड्ढों में गिर गए हैं, जिससे चालक और सवार घायल हो जाते हैं।

## एक नजर में




### फिल्मी स्टाईल में डिवाईडर पर चढ़ा ट्रेक्टर पलटा, चालक घायल

**शाढ़ौरा।** गुना, अशोकनगर मार्ग पर रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात को एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर फिल्मी स्टाईल में सड़क पर बने डिवाईडर पर चढ़ गया, जिसके कारण वह आगे चलकर पालट गया, इस घटना में ट्रेक्टर का चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार राजेश (पुत्र कल्ला अहिरवार) अशोकनगर से भूसा खाली कर लौट रहा था, तभी श्रद्धा मोटर्स के सामने गुना-ईसागढ़ मार्ग पर रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात ट्रेक्टर अंनियत्रित हो गया और वह सड़क पर बने डिवाईडर के ऊपर चढ़ गया। इस हादसे में चालक घायल हो गया है,तो वहीं एक और साथी को मामूली चोटे आई। यह सारी घटना वहां लगे सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई, जो अगले सोशल मीडिया पर वायरल रहीं। बताया जा रहा है, जिस महिंद्रा टेक्कर को चालक चला रहा था, वह सलीम खान का है। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### जिले में एक साथ होगा विद्यारंभ प्रमाण पत्र ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

**अशोकनगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों के 5-6 वर्ष के बच्चों के लिए विद्यारंभ प्रमाण पत्र ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन 24 मार्च मंगलवार को जिलेभर में एक साथ किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके शैक्षणिक जीवन की नई शुरुआत को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

# शहीदों की शहादत को जिलेभर ने किया नमन, दी पुष्पांजलि

## छात्र संगठन, राजनैतिक दल से लेकर समाजिक संगठनों भगत सिंह, राजगुरु और सुखेदव की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** देश में राष्ट्रप्रेम की ज्योत जलाने वाले और हंसते हंसते फांसी पर चढ़ने वाले शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव की शहादत दिवस के अवसर पर जिलेभर ने उन्हें नमन किया। जिसके चलते तुलसी सरोवर पार्क में स्थित उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करने के लिए राजनैतिक दल, छात्र संगठन, पत्रकार और समाजसेवी संगठन पहुंचे, जहां उन्होंने माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजली दी।

दरअसल सोमवार की शहीदों का नमन करने का सिलसिला सुबह से ही जारी रहा, जो देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान जहां पहले छात्र संगठनों ने उन्हें नमन किया, तो वहीं उसके बाद राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने पार्क में पहुंचकर माल्यार्पण किया। इसके बाद समाजसेवी संगठनों ने शहीदों के शहादत को युवाओं की प्रेरणा बताते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### कांग्रेसियों ने कहा शहीदों से लेनी चाहिए प्रेरणा:

सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पछाड़ी खेड़ा तालाब स्थित पार्क पर पहुंचकर भारत माता के अमर वीर शहीद सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को नमन करते हुए, उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया और भारत माता की जय के नारे लगाए गए। इस दौरान कांग्रेसियों ने बताया कि देश को आज़ाद कराने के संकल्प के साथ उन्होंने जिस साहस, त्याग और बलिदान का परिचय दिया है, वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक गौरवपूर्ण अध्याय है। इन महान क्रांतिकारियों का बलिदान और उनकी देशभक्ति भारत की आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देती रहेगी। आज के युवाओं को भी उन्हें आदर्श मानकर चलना चाहिए, क्योंकि यही हमारे देश के सच्चे वीर हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाहा, विधायक इंजी. हरीबाबू राय, नगर अध्यक्ष राहुल शर्मा, आईटीसेल जिलाध्यक्ष अमन महाराज, भागवत लोधी, रामस्वरूप शिवहरे, सुरेंद्र रघुवंशी, सर्वन कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।






### अभाविप ने शहीदों के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प:

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर तुलसी सरोवर स्थित अमर क्रांतिकारियों भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले इन महान वीरों के जीवन और उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में देशभक्ति के नारों के साथ वातावरण को राष्ट्रमय बना दिया। जिला संयोजक अमन रघुवंशी ने बताया कि शहीद दिवस हमें उन वीर सपूतों के त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम की याद दिलाता है, जिन्होंने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को इन महान क्रांतिकारियों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। वहीं अंत में सभी ने शहीदों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ललित रघुवंशी, नगर मंत्री अर्चित शाक्य, नगर सह मंत्री विपिन अहिरवार एवं नगर सह मंत्री कुलदीप साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डीएसओ ने किया पुष्पांजलि कार्यक्रम:

देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणो की आहूति देने वाले शहींद भगत सिंह, राजगुरू और सुखेदव की शहादत दिवस के अवसर पर छात्र संगठन एआईडीएसओ द्वारा पुष्पांजली कार्यक्रम का आयोजन शासकीय नेहरू महाविद्यालय में किया गया। जहां संगठन के सदस्यों द्वारा उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को याद करते हुए पुष्पांजलि दी।

# लगातार दूसरी बार रितेश मोदी बने बार ऐसोसियेशन के अध्यक्ष

## सचिव अबरार खान, तो निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए मोहम्मद राशिद

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** रविवार को वार एसोसियन के वार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें लगातार दूसरी बार रितेश मोदी अध्यक्ष चुने गए। वही सचिव अबरार खान और उपाध्यक्ष पर राशिद मोहम्मद खान बने, साथ ही ग्रंथपाल पर अमर सिंह सुनारिया चुने गए। चुनाव में अध्यक्ष पद पर रितेश मोदी को 84 मत प्राप्त हुए, तो वहीं उनके विपक्षी को 55 मत प्राप्त हुए और जीता का अंतर 29 मत रहा। वही सबसे रोचक मुकाबला सचिव पद पर देखने को मिला, जिसमें अबरार खान जमींदार और कोमल सिंह नरवरिया में सीधी टक्कर देखने को मिली। जहां अबरार खान जमींदार ने जीत दर्ज करते हुए 11 मतों से जीत हासिल की।



जिसमें 85 मत अबरार खान को मिले, तो वहीं 74 वोट अमर सिंह नरवरिया को मिले। वही ग्रंथपाल पद पर कोमल सिंह सुनेरिया को 126 मत मिले। वही कल्याण सिंह को 32 मत मिले। इस चुनाव में 2 मत रिजेक्ट हुए। वहीं चुनाव के सभी निर्वाचित पद अधिकारियों का नगर में भव्य जुलूस निकाला गया और लोगों ने जगह-जगह फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** गुना बीना रेलखण्ड पर एक 30 वर्षीय युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त की और उसके बाद पीएम के लिए जिलाअस्पताल पहुंचाया, जहां पीएम उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द किया गया है। जानकारी के अनुसार बलवीर पुत्र किशन अहिरवार निवासी ग्राम हैदर रविवार की रात्रि में माता मंदिर के पास ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। वही ट्रेक पर शव देखकर लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं शिनाख्ती के बाद मृतक के परिजनों को सूचना दी गई.

# आवारा कुत्तों से परेशान लोग, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**खेरे में बंधी बछिया को जिंदा नोंचकर खाया**

**कुत्तों से राहगीरों को अपनी जान का खतरा**

**नवभारत न्यूज**

**शाढौरा। स्थानीय कस्बे में रविवार को देर रात आवारा घूमते हुए कुत्तौ ने एक जिंदा बछिया पर हमला कर दिया और उसको जिंदा ही नोच-नोचकर खा गए।**

स्थानीय खड़िया मोहल्ला निबासी दिनेश रघुवंशी ने जानकारी देते बताया कि उनकी 15 दिन की बछिया दो-तीन गाय के साथ खेरे (सार) में बंधी हुई थी रात में भूखे कुत्तों ने खेरे में घुसकर बछिया पर हमला कर दिया और उसे जिंदा ही नोच - नोच कर खा गए। जिससे



बछिया की मौके पर ही मौत हो गई। 5-6 कुत्तों ने रात 3 बजे के करीब बछिया पर हमला कर दिया। सुबह जब लोगों ने देखा तो बछिया मृत अवस्था में मिली, उस समय जब कुत्ता हमला कर रहे थे तो गाय की रमाने की आवाज भी लोगों को मिली लेकिन लोगों ने उसे नजरअंदाज कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया की कुत्तो का आतंक लगातार बढ़ रहा है। जिससे छोटे-छोटे बच्चे एवं बुजुर्गों व आवारा पशूऔ लिए खतरनाक साबित हो सकता है आबारा कुत्ते जंहा - तंहा अपना झुंड लगाए बेठे रहते है और आए दिन देखने में आता है कि सुबह के समय पैदल चलने बाले लोगो ब रोड पर मोटरसाइकिल वालों एवं सब्जी बेचने वालों के पीछे भी पड़ जाते हैं। जिससे लोगों में डर का माहौल बन जाता है और वह जिससे वह लोग दुर्घटना का शिकार होते - होते बाल - बाल बच जाते हैं एसे मामले लगातार सामने आ रहे। गाय पालने वाले लोगों ने बताया कि नगर परिषद को इस मामले में सख्त कदम उठाना चाहीए । वही दिनेश रघुवंशी ने जानकारी देते बताया है कि इस विषय में तहसीलदार को भी ज्ञापन सोपां गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि आवारा कुत्तों का यह आतंक लोगों को और आवारा घूमने बाले पशुओं दोनों के लिए खतरनाक है। घटना के बाद प्रशासन से उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## धर्म-कर्म

### पंचमुखी हनुमान मंदिर पर मनाया जा रहा नवरात्र महोत्सव, किया जा रहा दुर्गा सप्तशती का पाठ

# मां भगवती की शरण में आने वाले हर व्यक्ति के संकट होते हैं दूर : मिश्र

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में नवरात्र महोत्सव एवं दुर्गा सप्तशती पाठ कराया जाया जा रहा है।**

जिसके चलते सोमवार को पुजारी किशन लाल मिश्रा ने मार्कंडेय पुराण के अनुसार बताया कि आज मां दुर्गा जी के पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है, भगवान स्कंद कुमार कार्तिक के नाम से भी जाने जाते हैं यह प्रसिद्ध देवाशुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे, पुराणों में इन्हें कुमार और शक्ति धर कहकर



इनकी महिमा का वर्णन किया गया है। इनका वाहन मयूर है अत: ये मयूर वाहन के नाम से भी जाने जाते है इन्हीं भगवान स्कंद की माता होने के कारण मां दुर्गा जी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना नवरात्रि पूजा के पांचवें दिन की जाती है। इस दिन साधक का मन विशुद्धि चक्र में अवस्थित होता है इनके विग्रह में भगवान स्कंद जी बाल रूप में उनकी गोद में बैठे हैं स्कंद मंता देवी की चार भुजाएं हैं दाहिनी तरफ की ऊपर वाली भुजा से भगवान स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं और दाहिनी तरफ की नीचे वाली भुजा जो ऊपर की ओर गई है उसमें कमल का फूल है इनका वर्ण पूर्णत: शुद्ध है कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं इसी कारण से इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है इनका वाहन सिंह है देवी कवच का वर्णन करते हुए आज उन्होंने बताया कि यह कवच ब्रह्मा जी ने मारकंडेय ऋषिजी को बताया था इस कवच को करने से मनुष्यों की सभी प्रकार से रक्षा होती है यह गुप्त रहस्य अभी तक ब्रह्मा जी ने किसी को नहीं बताया था। उन्होंने कहा यह नौ देवियां हैं जो मनुष्य अग्नि में जल रहा हो युद्ध भूमि में शत्रुओं के मध्य फस गया हो अथवा घोर संकट से ग्रसित हो वह मनुष्य भगवती की शरण में पहुंच जाए तो उसके सभी संकट दूर हो जाते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि इस कवच को करने से बाल बच्चों की रक्षा होती है संपूर्ण परिवार कुटुंब की रक्षा होती है एवं क्षेत्र की रक्षा होती है देश की रक्षा होती है जो भक्ति भाव से देवी कवच का पाठ करते हैं उनकी सभी प्रकार से उन्नति होती है। इस इस लोक और परलोक में सद्गति को प्राप्त होता है। वहीं सोमार को पांच कन्याओं का 10 उपचार से पूजन किया एवं अन्य कन्याओं का भी सम्मान किया गया।

# नगर गौरव के अवतरण दिवस पर उन्हें किया याद

## आर्यिका मां सृष्टि भूषण माताजी ने नगर का नाम किया गौरवान्वित

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** परम पूजनीय जिनधर्म प्रभाविका आर्यिका105 सृष्टि भूषण माताजी संयम वर्ष वर्द्धन दिवस 26 मार्च एवं अवतरण दिवस 23 मार्च को अवतरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। सोमवार को नगर में उनके अवतरण दिवस पर श्रद्धालुओं द्वारा उन्हें याद किया गया।

उल्लेखनीय रहे की 62 वर्षीय पूज्य आर्यिका 105 श्री सृष्टि भूषण माताजी जी ने मुंगावली की धरा पर 23 मार्च 1964 चैत्र शुक्ला नवमी को कपूर चंद एवं माताश्री पदमा देवी के घर में जन्म लिया, मनीषा सुलोचना यह परिवार की तीसरी संतान थी।

### जीवन का टर्निंग प्वाइंट दीक्षा:

सभी बहनों के साथ गुरु आज्ञा से तीर्थराज सम्मेद शिखर जी की यात्रा करने के लिए पहुंची, वहां एक पर्वत पर एक श्रावक के साथ हृदय विदारक घटना घटी, श्रावक को लुटेरों ने लूटा और गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई ,उसकी मूर्छित पत्नी और तड़पते बच्चों को देखकर ब्रह्मचारिणी सुलोचना को इस संसार की असारता और नश्वरता को गहराई से भाप गई तुरंत दीक्षा लेकर आत्म कल्याण को व्याकुल हो गई ।



### सिद्ध क्षेत्र श्री सम्मेद शिखर जी में आर्यिका दीक्षा:

26 मार्च 1994 चैत्र शुक्ला 14 चतुर्दशी को आचार्यश्री सुमति सागर महाराज एवं विद्या भूषण आचार्य श्री सम्मति सागर से बाल ब्रह्मचारिणी सुलोचना दीदी ने 30 वर्ष की उम्र में सीधे आर्यिका दीक्षा ग्रहण की, जिसके बाद आचार्यश्री ने नाम प्रदान किया और यह आर्यिका श्री सृष्टि भूषण माताजी कहलाई।